यह टी-20 में मेरी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है। मैं हमेशा मानता हूं कि अगर आपकी टीम जीतती है तो पारी अधिक कारगर होती है। - सूर्य कुमार यादव

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज, मुंबई की जीत पर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — नीरज चोपड़ा

इस महीने के शुरू में सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चार जून को नीदरलैंड के हेंगेलो में होने वाले फैनी ब्लैंकर्स कोएन (एफबीके) खेलों में हिस्सा लेंगे। भारत के इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच मई को डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में 88.67 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। एफबीके के आयोजकों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चोपड़ा की इस प्रतियोगिता में भागीदारी की जानकारी देते हुए कहा,'' एक अन्य ओलंपिक चैंपियन हेंगेलो आ रहा है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

बांग्लादेश की आयरलैंड पर रोमांच जीत

चेम्सफोर्ड (इंग्लैंड), 13 मई। नजमुल हसन शंटो के शतक के बाद अनुभवी मुश्फिकर रहीम के अंतिम क्षणों के प्रयास से बांग्लादेश ने आखिरी ओवर तक खिंचे दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। बारिश के कारण मैच देर से शुरू हुआ और इसलिए इसे 45 ओवर का कर दिया गया। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी टेक्टर के 140 रन तथा जॉर्ज डॉकरेल के नाबाद 74 रन की मदद से छह विकेट पर 319 रन बनाए। बड़े लक्ष्य के सामने नजमुल ने 117 रन की पारी खेलकर बांग्लादेश को ठोस शुरुआत दी। जब बांग्लादेश को अंतिम चार गेंदों पर चार रन की जरूरत थी तब रहीम (नाबाद 36) ने चौका जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। बांग्लादेश की तरफ से तौहीद हृदय ने भी 68 रन का उपयोगी योगदान दिया। बांग्लादेश ने 44.3 ओवर में सात विकेट पर 320 रन बनाए। इन दोनों टीमों के बीच पहला वनडे मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इस तरह से बांग्लादेश तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। तीसरा और अंतिम मैच रविवार को चेम्सफोर्ड में ही खेला जाएगा।

जोकोविच की इटालियन ओपन में संघर्षपूर्ण जीत

रोम, 13 मई। फ्रेंच ओपन की तैयारियों में जुटे नोवाक जोकोविच ने विश्व में 61वीं रैंकिंग के टॉमस मार्टिन एच्चेवेरी के खिलाफ संघर्ष पूर्ण जीत दर्ज करके इटालियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में सातवां खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने एच्चेवेरी 7-6 (5), 6-2 से हराया। जोकोविच दाहिनी कोहनी में चोट के कारण तीन सप्ताह बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे हैं। जोकोविच का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा, जिन्होंने स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-6 (3) से हराया। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस को 6-1, 6-4 से, ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर अलेक्सी पोपिरिन ने फेलिक्स ऑगर अलियासिम को 6-4, 4-6, 7-5 से, इटली के फैबियो फोगनिनी ने मिओमिर केकमानोविकच को 6-3, 7-6 (6) से और सातवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून ने आर्थर फिल्स को 6-3, 6-3 से हराया। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-0, 6-0 से हराकर रोम में अपना तीसरा खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अन्य मैचों में पाउला बडोसा ने पिछले साल की उपविजेता ओन्स जैबूर को 6-1, 6-4 से, नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी ने बारबोरा स्ट्राइकोवा को 6-1, 6-3 से और करोलिना मुचोवा ने 18 वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना ट्रेविसन को 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

ब्रैडबर्न पाकिस्तान के नये कोच नियुक्त हुए

लाहौर, 13 मई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को ग्रांट ब्रैडबर्न को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। ब्रैडबर्न को दो साल का अनुबंध दिया गया है। इससे पहले उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की घरेलू शृंखला के लिये अप्रैल में अंतरिम कोच नियुक्त किया गया था। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय दोनों सीरीज जीती थीं। पिछले महीने, पीसीबी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा था कि वह सात मई को समाप्त हो चुकी न्यूजीलैंड सीरीज के अंत में कोच नियुक्त कर लेगा। बोर्ड ने एंड्रयू पुटिक को बल्लेबाजी कोच नामित किया, जबकि उमर गुल को गेंदबाजी कोच और अब्दुल रहमान को ब्रैडबर्न के सहायक कोच के रूप में नियुक्त किया गया। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर ब्रैडबर्न इससे पहले 2018 में पाकिस्तान के फील्डिंग कोच रह चुके हैं। उन्होंने देश की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में उच्च-प्रदर्शन प्रमुख के रूप में भी काम किया है। हमारी राष्ट्रीय टीम और एनसीए में पहले काम कर चुके ब्रैडबर्न हमारी क्रिकेट संस्कृति और सिद्धांतों को समझते हैं और इस टीम को आगे ले जाने के लिये उपयुक्त व्यक्ति हैं। पाकिस्तान ने इस साल होने वाले 50 ओवर के एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हाल ही में पूर्व कोच मिकी आर्थर को टीम का निदेशक नियुक्त किया था। ब्रैडबर्न ने कहा, पाकिस्तान जैसी प्रतिभावान और कुशल टीम के साथ हेड कोच के रूप में काम करना मेरे लिये सम्मान की बात है। हम अपने खेल को बेहतर बनाने और अपने बढ़ते कौशल का प्रदर्शन करने के लिये आतुर हैं। मिकी आर्थर और मैं हमारे खिलाड़ियों का समर्थन करने, उन्हें चुनौती देने और उनका विकास करने को लेकर उत्सुक हैं। न्यूजीलैंड शृंखला खेल का समय पाने और जीतने के लिए भूमिकाओं, संस्कृति और ब्रांड की स्पष्टता बनाने के लिये मूल्यवान रही है।

मनु गंडास ने कट में जगह बनाई, शुभंकर चूके

एंटवर्प (बेल्जियम), 13 मई। पिछले कुछ समय से दूसरे दौर से बाहर हो जाने वाले मनु गंडास ने सौडल ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन अंडर 68 के शानदार स्कोर के साथ कट में जगह बनाई। गंडास ने दूसरे दौर में चार बर्डी के अलावा एक ईगल भी बनाया। पिछले चार टूर्नामेंट में कट से चूकने वाले गंडास का कुल स्कोर अब तीन अंडर है और वह संयुक्त रूप से 40वें स्थान पर हैं। भारत के ही एक अन्य गोल्फर शुभंकर शर्मा को हालांकि 10वें होल में ट्रिपल बोगी करने का खामियाजा भुगतना पड़ा और वह केवल एक शॉट से कट से चूक गए। स्वीडन के साइमन फोर्सस्ट्रॉम ने अपनी बढ़त को बरकरार रखा है। वह फ्रांस के जियोंग वेन को से एक स्ट्रोक आगे हैं।

मांकड़, पूरन ने सनराइजर्स से जीत छीनी

लखनऊ सुपर जायंट्स 7 विकेट से जीता

हैदराबाद, 13 मई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने प्रेरक मांकड़ (64 नाबाद) के शानदार अर्द्धशतक और निकोलस पूरन (44 नाबाद) के तूफानी योगदान की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग के आतिशबाज़ी से भरे मुकाबले में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से परास्त कर दिया। सनराइजर्स ने ने हेनरिक क्लासेन (29 गेंद, 47 रन) और अब्दुल समद (25 गेंद, 37 रन) के बीच हुई 58 रन की आक्रामक साझेदारी की मदद से लखनऊ के सामने 183 रन का लक्ष्य रखा। पूरन ने अंतिम ओवरों में 338.46 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ को चार गेंदें रहते हुए जीत दिला दी।

हार की ओर बढ़ रही लखनऊ को आखिरी पांच ओवर में 69 रन की जरूरत थी, लेकिन अभिषेक शर्मा के एक ओवर ने मैच को पूरी तरह पलट दिया। मार्कस स्टॉयनिस और पूरन ने इस ओवर में कुल पांच छक्के जड़ते हुए 31 रन जोड़े जिसके बाद लखनऊ को चार ओवर में मात्र 38 रन की जरूरत थी। मैच को लखनऊ की झोली में डालने वाले पूरन 13 गेंद पर तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 44 रन बनाकर नाबाद रहे। मांकड़ ने भी 45 गेंद पर सात चौके और दो छक्के जड़कर 64 रन का अर्द्धशतकीय योगदान दिया।

लखनऊ को लक्ष्य का पीछा करते हुए वैसी शुरुआत नहीं मिल सकी जैसी उसे उम्मीद थी। सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स 14 गेंद पर दो रन बनाकर आउट हो गये, जबकि लखनऊ पावरप्ले में मात्र 30 रन ही बना सकी। क्विंटन डी कॉक ने एक छोर से आक्रामकता दिखाई लेकिन सनराइजर्स के कप्तान एडेन मार्करम ने स्पिनरों का बखूबी इस्तेमाल किया।

मयंक मार्कांडे ने 19 गेंद पर 29 रन बनाने वाले डी कॉक को पवेलियन लौटाया, जबकि अभिषेक ने लखनऊ के बल्लेबाजों को काबू में रखा। पारी के 13वें ओवर से लखनऊ के बल्लेबाजों ने आक्रामकता दिखाना शुरू की।

स्टॉयनिस-मांकड़ ने 13वें ओवर में फ़ज़लहक़ फ़ारुक़ी के विरुद्ध 14 रन जोड़े, जबकि अगले ओवर में मार्कांडे ने 14 रन दिये। अभिषेक ने अपने शुरुआती दो ओवरों में 11 रन ही दिये थे, लेकिन 16वें ओवर में उन्हें वापस लाना मार्करम के लिये भारी पड़ा। स्टॉयनिस (25 गेंद, 40 रन) शुरुआती दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर आउट हो गये, जबकि पूरन ने बची हुई तीन गेंदों पर तीन छक्के जड़ डाले। अभिषेक ने इस ओवर में एक वाइड के साथ 31 रन दिये जिसके बाद लखनऊ पूरी तरह से मैच पर हावी हो गयी।

पूरन ने विस्फोटक बल्लेबाजी जारी रखी और 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर विजयी चौका जड़कर लखनऊ को लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पूर्व, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की और चित-परिचित अंदाज में विकेट भी गंवाये। अभिषेक शर्मा पांच गेंद पर सात रन बनाकर आउट हुए जबकि राहुल त्रिपाठी 13 गेंद पर चार चौकों की मदद से 20 रन ही बना सके।

अनमोलप्रीत सिंह ने हालांकि आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और सनराइजर्स को पावरप्ले में 56 रन तक पहुंचाया। उन्होंने नौवें ओवर में अमित मिश्रा को एक छक्का जड़ा, लेकिन अगली ही गेंद पर वह मिश्रा को कैच थमा बैठे। अनमोलप्रीत ने 27 गेंद पर सात चौकों की मदद से 36 रन बनाये। उनका विकेट गिरने के बाद कप्तान एडेन मार्करम और क्लासेन सनराइजर्स को 200 रन की ओर ले जा सकते थे, लेकिन लखनऊ के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने कसी हुई गेंदबाजी करके विपक्षी टीम की आक्रामकता पर लगाम लगायी। क्रुणाल ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर मार्करम (20 गेंद, दो चौके, एक छक्का, 28 रन) और ग्लेन फिलिप्स (शून्य) का विकेट चटकाया। उन्होंने चार ओवर में दो सफलताएं हासिल करते हुए मात्र 24 रन दिये। मध्य ओवरों में रनगति थमने के बावजूद क्लासेन और समद ने टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

क्लासेन ने 16वें ओवर में मिश्रा को दो छक्के लगाये, जबकि समद ने अगले ओवर में पांड्या को एक छक्का जड़ा। क्लासेन अपने अर्द्धशतक से तीन रन की दूरी पर आउट हो गये, लेकिन समद ने 25 गेंद पर एक चौके और चार छक्कों के साथ नाबाद रहकर लखनऊ के सामने 182 रन का स्कोर खड़ा किया। पांड्या के अलावा युद्धवीर सिंह, आवेश खान, यश ठाकुर और मिश्रा ने भी एक-एक विकेट लिया। रवि बिश्नोई ने दो ओवर में 23 रन दिये जबकि उन्हें कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

टी-20 में अगर आप जोखिम नहीं लेंगे तो फायदा हीं होगा : पूरन

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 13 गेंद में नाबाद 44 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले लखनऊ सुपरजायंट्स के बल्लेबाज निकोलस पूरन ने शनिवार को कहा कि टी20 प्रारूप में अगर जोखिम नहीं लेंगे तो फायदा नहीं मिलेगा। मैच जीतने के लिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते समय पूरन को इस बात का अंदाजा था कि उनकी टीम को किसी कामचलाऊ स्पिनर के ओवर में अधिक रन बटोरना होगा। उन्होंने अभिषेक शर्मा के खिलाफ हैट्रिक छक्का लगाकर मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया।

हैदराबाद में अंपायर विवादित फैसले के बाद दर्शकों के कारण मैच में आयी रूकावट

सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच शनिवार को यहां खेले गये मैच के दौरान मैदानी अंपायरों अक्षय तोत्रे, जे मदनगोपाल और टीवी अंपायर यशवंत बार्डे के नो बॉल को लेकर दिये विवादित फैसले के बाद दर्शकों के खराब बर्ताव के कारण खेल को कुछ देर रोकना पड़ा। यह घटना सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के 19वें ओवर में घटी जब आवेश खान ने अब्दुल समद को गेंदबीमर की तरह फेंकी और तोत्रे ने इसे नो-बॉल नहीं करार दिया।

दिल्ली को हराकर प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार पंजाब

नयी दिल्ली, 13 मई। पंजाब किंग्स ने प्रभसिमरन सिंह (103) के शानदार शतक के बाद हरप्रीत बराड़ (30/4) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 31 रन से हरा दिया।

पंजाब ने दिल्ली के सामने 168 रन का लक्ष्य रखा। डेविड वॉर्नर (27 गेंद, 54 रन) ने तूफानी अर्द्धशतक जड़कर दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन बराड़ और राहुल चाहर (16/2) की जादूई फिरकी ने दिल्ली को 20 ओवर में 136/8 के स्कोर पर रोक दिया।

पंजाब के अन्य बल्लेबाज जहां बड़ा योगदान नहीं दे सके, वहीं पटियाला के 22 वर्षीय प्रतिभावान सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 65 गेंद पर 10 चौकों और एक छक्के के साथ 103 रन की पारी खेल डाली। यह आईपीएल में प्रभसिमरन का पहला शतक है और वह इस टूर्नामेंट में सैकड़ा जड़ने वाले छठे सबसे युवा बल्लेबाज हैं। इस शतक ने पंजाब को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने का काम किया, जबकि बची-खुची कसर बराड़-चाहर ने पूरी कर दी। पंजाब 12 मैचों में छठी जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गयी है, जबकि दिल्ली 12 मैचों में आठवीं हार के साथ तालिका में सबसे नीचे बरकरार है।

टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए पंजाब की शुरुआत निराशाजनक रही और उसने पावरप्ले के अंदर शिखर धवन (सात), लायम लिविंगस्टन (चार) और जितेश शर्मा (पांच) के महत्वपूर्ण विकेट गंवा दिये।

प्रभसिमरन ने अपनी टीम को इन शुरुआती झटकों से निकालते हुए सैम करन के साथ 73 रन की साझेदारी की। करन इस 54 गेंद की साझेदारी में ज्यादा कुछ नहीं कर सके, लेकिन प्रभसिमरन ने 11वें ओवर में मिचेल मार्श को दो छक्के और एक चौका जड़कर अपने इरादे साफ कर दिये। प्रभसिमरन को 15वें ओवर में एक जीवनदान भी मिला जब डीप स्क्वेयर पर खड़े राइली रूसो उनका कैच नहीं लपक सके। अगली ही गेंद पर हालांकि करन (24 गेंद, 20 रन) ने अमन हाकिम खान को कैच थमा दिया। दो ओवर बाद पंजाब को हरप्रीत बराड़ के रूप में एक और झटका लगा। प्रभसिमरन ने लगातार गिरते विकेटों के बीच रन बनाना जारी रखा और 18वें ओवर में खलील अहमद को चौका लगाकर 61 गेंद में अपना शतक पूरा किया।

कामकाज तदर्थ समिति के हवाले करे डब्ल्यूएफआई : आईओए

नयी दिल्ली, 13 मई। भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के महासचिव को महासंघ के वित्तीय लेखे-जोखे सहित सभी आधिकारिक दस्तावेज तदर्थ पैनल के हवाले करने का आदेश दिया है। आईओए ने शुक्रवार को जारी एक पत्र में आदेश दिया कि डब्ल्यूएफआई की शासकीय समिति महासंघ के कामकाज में कोई भूमिका नहीं निभाएगी। डब्ल्यूएफआई ने कहा कि उसे आईओए का आदेश मानने में कोई आपत्ति नहीं है। उल्लेखनीय है कि पहलवानों के अप्रैल में प्रदर्शन पर लौटने के बाद आईओए ने डब्ल्यूएफआई के संचालन और चुनाव आयोजित करने के लिये एक तदर्थ पैनल का गठन किया था। ये एथलीट महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। आईओए ने अपने पत्र में कहा कि सभी प्रशासनिक, वित्तीय और संचालन-संबंधी कार्य तदर्थ पैनल द्वारा किये जायेंगे। आईओए ने कहा, आईओए के 12 मई 2023 के आदेश के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि कुश्ती के अनुशासन के लिये आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति खेल संहिता के तहत राष्ट्रीय खेल संघ के सभी कार्य और जिम्मेदारियां पूरी करेगी। तदर्थ समिति के होते हुए डब्ल्यूएफआई के पदाधिकारी महासंघ के किसी काम में कोई भूमिका नहीं निभाएंगे। वे किसी प्रशासनिक, वित्तीय, संचालन-संबंधी या किसी अन्य भूमिका में काम नहीं करेंगे। पत्र में कहा गया, डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे वेबसाइट प्रबंधन, वित्तीय साधनों, अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भारतीय खिलाड़ियों की भागीदारी के लिये प्रविष्टियां करने के लिये लॉगिन विवरण सहित सभी आधिकारिक दस्तावेजों को तत्काल रूप से तदर्थ समिति को सौंप दें। उल्लेखनीय है कि तदर्थ समिति ने अंडर-17 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिये टीम चयन की नियमावली को अंतिम रूप दे दिया है।

प्ले ऑफ की संभावना मजबूत करने उतरेगा सीएसके, केकेआर के लिए करो या मरो मैच

चेन्नई, 13 मई। चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी तो उसका लक्ष्य प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत करना होगा।

सुपर किंग्स के अभी 12 मैचों में 15 अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में है। दूसरी तरफ केकेआर के केवल 10 अंक हैं और उसे अपने बाकी बचे दोनों मैच जीतने के अलावा बाकी टीमों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने की प्रार्थना करनी होगी।

महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली टीम पिछले दो मैचों में जीत दर्ज करके इस मैच में उतरेगी। इस टीम को अपने घरेलू मैदान पर हराना आसान नहीं होगा। धोनी के दो छक्के ही चेपॉक स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के जश्न मनाने के लिए पर्याप्त होंगे जैसा कि उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में किया था जो कि आखिर में महत्वपूर्ण साबित हुए थे।

सीएसके की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और रुतुराज गायकवाड टीम को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं जबकि उसके बाद अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मोईन अली, रविंद्र जडेजा और अंबाती रायुडु जैसे बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन सीएसके ने इस कमी को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गेंदबाजी में श्रीलंका के मथीशा पथिराना टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए हैं। तुषार देशपांडे भले ही महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट लेने में कोताही नहीं बरती है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्ष्णा अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

इस मैच में केकेआर की संभावना उसके स्पिनरों के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा रविवार को कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर मैच का परिणाम निर्भर कर सकता है। अनुभवी सुनील नारायण इस सत्र में अभी तक नाकाम रहे हैं और वह यहां वापसी करने की कोशिश करेंगे। बल्लेबाजी में कप्तान नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन केकेआर को अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद रहेगी। केकेआर के बल्लेबाजों को हालांकि पथिराना के यॉर्कर और धीमी गेंदों तथा जडेजा की चतुराई भरी गेंदबाजी से सतर्क रहना होगा।

भारत की निगाहें सुदीरमन कप में पदक जीतने पर

सुजोऊ (चीन), 13 मई। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणय की अगुवाई में भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप में पदक जीतने के उद्देश्य से रविवार को यहां चीनी ताइपे की मजबूत टीम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत टीम चैंपियनशिप में हमेशा एकल खिलाड़ियों पर निर्भर रहा है और अगर उसको इस विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अपना पहला पदक जीतना है तो एकल खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। थॉमस कप की जीत के बाद टीम चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम के लिए यह अच्छी खबर है कि उसके पास अब पुरुष वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा महिलाओं में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद के रूप में अच्छी युगल जोड़ियां हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने पिछले महीने एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल करके इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था।

सूर्य का आत्मविश्वास अन्य खिलाड़ियों को प्रेरित करता है : रोहित शर्मा

मुंबई, 13 मई। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि सूर्यकुमार यादव का आत्मविश्वास टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिये प्रेरित करता है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सीज़न की खराब शुरुआत के बाद सूर्यकुमार अपने विस्फोटक अंदाज़ में वापस आ गये हैं। उन्होंने शुक्रवार को केवल 49 गेंद पर नाबाद 103 रन की पारी खेली, जिसके दम पर मुंबई ने गुजरात टाइटन्स को 27 रन से मात दी।

रोहित ने सूर्यकुमार के आत्मविश्वास पर मैच के बाद कहा, उसमें आत्मविश्वास है। हम क्रीज़ पर दाएं हाथ और बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों का संयोजन रखना चाहते थे लेकिन सूर्यकुमार ने कहा कि वह क्रीज़ पर बल्लेबाज़ी के लिये जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, उसमें इस तरह का आत्मविश्वास है जो दूसरों को भी प्रभावित करता है। वह हर खेल को नये सिरे से शुरू करना चाहता है और बीते हुए मैच को पीछे मुड़कर नहीं देखता। आप आराम से बैठ कर गर्व महसूस कर सकते हैं लेकिन उसकी ऐसी आदत नहीं है।

सूर्यकुमार के शतक की मदद से मुंबई ने गुजरात के सामने 219 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 102 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे, लेकिन राशिद खान ने मात्र 32 गेंद पर नाबाद 79 रन जड़कर अपनी टीम के नेट रन रेट को बड़ा झटका लगने से बचा लिया। सूर्यकुमार ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, यह एक दिलचस्प मैच था और हम दो अंक प्राप्त करके खुश हैं। पहले बल्लेबाजी करना और फिर स्कोर की रक्षा करना अच्छा अनुभव था। हम विकेट लेते रहे और इस प्रारूप में आपको इसकी जरूरत भी होती है।

जब सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या यह उनकी सर्वश्रेष्ठ टी20 पारी है, तो उन्होंने कहा, ऐसा कह सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने पहले बल्लेबाजी की, हमने फैसला किया था कि हम वही गति रखेंगे जब हम 200 से अधिक रन का पीछा करते समय रखते हैं। उन्होंने कहा, सात-आठ ओवरों के बाद ही एक तरफ बहुत ओस आ गयी थी, इसलिये मैं थर्ड मैन या शॉर्ट लेग की ओर शॉट खेलने के लिये तैयार था। मेरे खेल के पीछे बहुत अभ्यास है, इसलिए जब मैं पिच पर आता हूं, तब मेरे दिमाग में सब कुछ स्पष्ट होता है।

भारतीय निशानेबाज रिदम ने 20 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, पर पदक से चूकी

बाकू, 13 मई। भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल प्रतियोगिता में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा लेकिन फाइनल में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और आठवें स्थान पर रही। रिदम ने 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन में 595 अंक बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया और बुल्गारिया की डायना इगोरोवा के 1994 में मिलान में बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ा। इस बीच दो बार इगोरोवा के रिकॉर्ड की बराबरी की गई। भोपाल में इस साल मार्च में खेले गए विश्वकप में जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने भी इस रिकॉर्ड की बराबरी की थी। डोरेन ने यहां बाकू में कांस्य पदक जीता, जबकि चीन की फेंग सिक्सुआन ने फाइनल में ईरान की हनियाह रोस्तमियान को पराजित करके विश्वकप में इस स्पर्धा में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। बुधवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने वाली रिदम फाइनल में बाहर होने वाली पहली निशानेबाज थी। रिदम ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जूनियर वर्ग का 34 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इससे पहले का रिकॉर्ड रूस की नीनो सालुकवाद्ज़े के नाम था जिन्होंने जगरेब में यूरोपीय चैंपियनशिप में 593 अंक बनाए थे। भारत की मनु भाकर में 2018 में जकार्ता में एशियाई खेलों के दौरान इस रिकॉर्ड की बराबरी की थी। टूर्नामेंट में पहला ऐसा दिन रहा जबकि भारत को एक भी पदक नहीं मिला। रिदम ने जहां 595 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया वहीं भारत की दो अन्य निशानेबाज ईशा सिंह और मनु क्रमश: 582 और 578 अंकों के साथ 13वें और 27वें स्थान पर रहीं। रैंकिंग अंकों के लिए खेल रही अभिदन्या अशोक पाटिल ने 576 अंक बनाए। पुरुषों के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में भाग ले रहे हैं तीनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में जगह नहीं बना पाए। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर 586 अंक के साथ 10वें, अखिल श्योराण 585 के स्कोर के साथ 13वें और स्वप्निल कुसले 583 के स्कोर के साथ 22वें स्थान पर रहे। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के पहले प्रीसिशन क्वालिफिकेशन राउंड के बाद भारत के विजय वीर सिद्धू 293 का स्कोर बनाकर शीर्ष निशानेबाजों में शामिल हैं।

आरसीबी और राजस्थान रॉयल्स के मैच में जायसवाल और डुप्लेसी के बीच भी होगा मुकाबला

जयपुर, 13 मई। हार की हैट्रिक से बचने की कवायद में लगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अभी तक रनों का अंबार लगाने वाले युवा यशस्वी जायसवाल और अनुभवी फाफ डुप्लेसी के बीच भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

जायसवाल और डुप्लेसी दोनों इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। डुप्लेसी अभी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे आगे हैं। उन्होंने 11 पारियों में 576 रन बनाए हैं जिसमें छह अर्धशतक शामिल हैं। दूसरी तरफ जायसवाल उनसे केवल एक रन पीछे हैं। इस युवा बल्लेबाज ने 12 पारियों में 575 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक और एक शतक शामिल है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में इन दोनों में से कौन बेहतर प्रदर्शन करता है और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज को मिलने वाली 'ऑरेंज कैप' हासिल करता है।

आरसीबी इस मैच में हार की हैट्रिक से बचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसे पिछले दो मैचों में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स ने लगातार तीन हार के बाद गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नौ विकेट की बड़ी जीत दर्ज की, जिससे निश्चित तौर पर उसका मनोबल बढ़ा होगा। इस मैच में जायसवाल ने 47 गेंदों पर नाबाद 98 रन जबकि कप्तान संजू सैमसन ने 48 रन का योगदान दिया था।

जोस बटलर केकेआर के खिलाफ मैच में नहीं चल पाए थे लेकिन जायसवाल के साथ वह किसी भी प्रतिद्वंदी टीम के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। राजस्थान का मध्यक्रम भी मजबूत है जिसमें जो रूट, ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाज शामिल हैं। राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत है। अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले मैच में 25 रन देकर चार विकेट लिए थे जबकि तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्हें शुरुआती ओवरों में संदीप शर्मा का भी अच्छा साथ मिल रहा है। इसके अलावा टीम में रविचंद्रन अश्विन जैसे गेंदबाज हैं जो अपने दम पर मैच का पासा पलटने का माद्दा रखते हैं।

जहां तक आरसीबी की बात है तो उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। राजस्थान रॉयल्स की स्थिति भी ऐसी ही है। आरसीबी के 11 मैचों में 10 अंक जबकि रॉयल्स के 12 मैचों में 12 अंक हैं। आरसीबी की तरफ से बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। डुप्लेसी और विराट कोहली ने शीर्ष क्रम में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है जबकि ग्लेन मैक्सवेल भी शानदार फॉर्म में हैं। टीम को हालांकि मध्यक्रम के बल्लेबाजों महिपाल लोमरोर, अनुज रावत और दिनेश कार्तिक से सहयोग की जरूरत है। मोहम्मद सिराज आरसीबी के गेंदबाजी विभाग के अगुआ हैं। उन्होंने अभी तक 11 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। सिराज को हालांकि जोश हेज़लवुड, वानिन्दु हसरंगा, हर्षल पटेल और विजयकुमार वैशाक से सहयोग मिलना जरूरी है।